आज दिनांक–07.01.2022 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11.00 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 19 वीं बैठक की कार्यवाही :–

संदर्भ : विद्यालय सूचना संख्या –04, दिनांक–06.01.2022

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं.	नाम	स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	डॉ0 संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	अध्यक्ष	उपस्थित
2	श्री विंध्याचल पाण्डेय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
3	श्री उदय कुमार मरांडी, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
4.	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्र0 पदा0, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित

02. प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि नेतरहाट विद्यालय समिति के नियमावली अनुरूप संस्था के लेखा पुस्तकों का वैधानिक अंकेक्षण मेसर्स आशीष रंजन एण्ड कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 का किया जा चुका है। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020–21 के अंकेक्षण प्रतिवेदन की संपुष्टि दिनांक–25.10.2021 को आहूत सामान्य निकाय की बैठक में की जा चुकी है। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि समिति नियमावली के अनुरूप कोई भी C.A फर्म तीन वर्ष से अधिक तक के लिए अंकेक्षण नहीं कर सकती है; अतएव, वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं उसके पश्चात के अंकेक्षण कार्य हेतु नये C.A फर्म का चयन आवश्यक है, जिसके लिए समाचार पत्रों में **EOI** का प्रकाशन किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। प्राचार्य द्वारा सदस्यों को बताया गया कि ICAI द्वारा 04 अप्रैल, 2016 के माध्यम से जारी एक अधिसूचना के अनुसार संस्था को Minimum Fee of Assignment निर्धारित करना आवश्यक है। तद्नुसार, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चूँकि वर्तमान C.A फर्म मेसर्स आशीष रंजन एण्ड कम्पनी को रू0 55001.00 में अनुबंधित किया गया था। अतएव, तीन वर्षो के मूल्य सूचकांक को ध्यान में रखते हुए इस बार Minimum Fee of Assignment रू0 60,000.00 किये जाने का निर्णय लिया गया। **तद्नुसार सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि निर्णयानुसार EOI का प्रकाशन किया जाय।**

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

07/1/2022
(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

7.1.22
(उदय कुमार मरांडी)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

07/1/22
(विंध्याचल पाण्डेय)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

Singh 07/01/22
(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति